SEPSIS SAVVY

सेप्सिस सैवी (जानकार) बनें

संकेतों को पहचानें

जीवन बचाएँ

सेप्सिस (SEPSIS) के संकेत क्या होते हैं?

वयस्क

और हो सकता है कि वयस्क व्यक्ति को सेप्सिस हो यदि उसमें इनमें से कोई भी संकेत दिखाई देते हैं:

लड़खड़ाए बोल या भ्रम

अत्यधिक कंपकंपी या मांसपेशियों में दर्द

पेशाब बिल्कुल नहीं आना (एक दिन में)

गंभीर रूप से सांस फूलना

ऐसा लगता है जैसे आप मरने वाले हैं

धब्बेदार, फीकी त्वचा

बच्चे

हो सकता है बच्चे को सेप्सिस हो यदि:

- **उसकी सांस बहुत तेज़ चल रही है**
- **उसे 'दौरा' या आक्षेप पड़ता है**
- **उसकी त्वचा धब्बेदार, नीलेपन में या कांतिहीन दिखाई देती है**
- **उसे कोई चकता है जो दबाने पर नहीं मिटता है**
- **वह बहुत सुस्त है या उसे जगाना मुश्किल है**
- **वह छूने में असामान्य रूप से ठंडा महसूस होता है**

यदि आपको किसी संक्रमण के बारे में चिंता हैं तो **III को कॉल करें** या **अपने GP से संपर्क करें**।
यदि किसी व्यक्ति को सेप्सिस का कोई लक्षण है तो **999 पर कॉल करें** या **A&E में जाएं**।

बस इतना पूछें "क्या ये सेप्सिस हो सकता है?"

THE UK SEPSIS TRUST

अभी साइन अप करें!
sepsistrust.org/savvy/

दि यूके सेप्सिस ट्रस्ट रजि चैरिटी नंबर (इंग्लैंड और वेल्स) 1158843 (स्कॉटलैंड) SC050277
कंपनी रजि नं. 8644039. सेप्सिस एंटरप्राइज़िज़ लिमि. कंपनी रजि नं 9583335. वैट रजि नं 293133408

SEPSIS SAVVY

सेप्सिस सैवी (जानकार) बनें

संकेतों को पहचानें

जीवन बचाएँ

THE UK SEPSIS TRUST

अभी साइन अप करें!
sepsistrust.org/savvy/

सेप्सिस के बारे में जानें और जीवनरक्षक बनें!

हो सकता है आपने सेप्सिस के बारे में सुना हो और सोचा हो कि आप अपनी और अपने प्रियजनों की सुरक्षा के लिए क्या कर सकते हैं।

यह कार्ड आपको बताता है कि सेप्सिस क्या है, कौन से संकेतों को देखना हैं, और यदि आपको शक हो कि किसी व्यक्ति को यह स्थिति हो सकती है तो क्या किया जाए।

सेप्सिस के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मिलकर काम करते हुए, हमारे पास हर वर्ष हज़ारों ही लोगों की जान बचाने की शक्ति है।

सेप्सिस के बारे में प्रमुख तथ्य

- **सेप्सिस** तब होता है जब हमारा इम्यून सिस्टम किसी संक्रमण के प्रति अत्यधिक प्रतिक्रिया दे देता है।

- यह एक आपातकालीन स्थिति है जो यूके में हर साल **245,000** लोगों को प्रभावित करती है, जिनमें से **48,000** लोगों की जान चली जाती है।

- हम लोगों को सेप्सिस होने से रोक नहीं सकते हैं, परंतु यदि यह जल्दी पकड़ में आ जाए तो **इसका इलाज संभव है**।

- इसलिए, यह **वाकई महत्वपूर्ण** है कि हम सेप्सिस के संकेतों के बारे में सीखें और एक-दूसरे के लिए सतर्क रहें।

- यदि आप किसी के बारे में चिंतित हैं, तो बस किसी स्वास्थ्य पेशेवर से इतना पूछें; **"क्या यह सेप्सिस हो सकता है?" यह एक आसान सा सवाल है लेकिन यह जीवन बचा सकता है।**

यदि मुझे सेप्सिस का शक हो तो मुझे क्या करना चाहिए?

- फ़ौरन मेडिकल सहायता लें। यदि कोई स्पष्ट रूप से बीमार हो और उसे इन लक्षणों में से कोई हो तो 999 पर कॉल करें या A&E में जाएं। और याद से: **बस इतना पूछें: 'क्या यह सेप्सिस हो सकता है?'**

- यदि आप किसी संक्रमण के बारे में चिंतित हैं, परंतु आपको सेप्सिस का शक नहीं है, तो I I I पर कॉल करें या अपने GP से संपर्क करें।

सेप्सिस सैवी के लिए साइन अप करें!

सेप्सिस के बारे में पता होना सच में जीवन बचाता है। इसीलिए हम जागरूकता बढ़ाने के लिए देश भर की संस्थाओं और समुदायों के साथ काम कर रहे हैं।

sepsistrust.org/savvy.

दि यूके सेप्सिस ट्रस्ट

यूकेएसटी (UKST) एक चैरिटी संस्था है जिसे 2012 में हर साल सेप्सिस से होने वाली हज़ारों रोकने योग्य मौतों को रोकने के मिशन के साथ स्थापित किया गया था। हम इस भयानक स्थिति से प्रभावित हुए लोगों को मुफ़्त, पेशेवर सहायता भी प्रदान करते हैं।

अधिक जानकारी के लिए यहाँ जाएं sepsistrust.org.

सोशल मीडिया पर हमें फॉलो करें। 'UK Sepsis Trust' या #SepsisSavvy खोजें।

आज ही दान करें

हमारे जीवन-रक्षक कार्य में सहयोग देने के लिए, sepsistrust.org/make-a-donation पर जाएँ या 0800 389 6255 पर कॉल करें। धन्यवाद!

आइसलैंड फूड्स चैरिटेबल फ़ाउंडेशन (IFCF)

हमारे लिए बहुत ही गर्व की बात है कि IFCF, सेप्सिस सेवी पर हमारे प्रमुख भागीदार हैं। अधिक जानने के लिए, ifcf.org.uk पर जाएँ।